प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 24.04.2026

- **थाना रूरा पुलिस की कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना कारित करने वाले 02 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की घटना में प्रयुक्त 01 पिकअप वाहन एवं अन्य सामान सहित 01 तमंचा व कारतूस बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 10.03.2026 को वादी श्री स्वर्ण सिंह पुत्र लाल जी निवासी ग्राम वम्हौरी खुर्द थाना चुर्खी जनपद जालौन द्वारा ग्राम इंजुआरामपुर रेलवे अण्डरपास के पास स्थित मोबाइल टावर से लाईट कंपनी की 300Ah की 144 बैटरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना रूरा पर मु0अ0सं0 76/2026 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग में पुलिस द्वारा माल व मुल्जिमान की तलाश में कार्यवाही करते हेतु आज दिनांक 24.04.2026 को रात्रि गस्त/चेकिंग के दौरान रात्रि करीब 04.00 बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्तगण 1. नरेन्द्र चौहान पुत्र ओमप्रकाश चौहान निवासी विजयनगर थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात, 2. अमन कटियार पुत्र रवीन्द्र कटियार निवासी रानीपुर हरिहरपुर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात को अमौली ठाकुरान चौराहा से करीब 300 मीटर पहले थाना क्षेत्र रूरा से 02 शातिर चोरों को मय 01 लोडर पिकअप वाहन, 01 आला नकब, 07 रिंच पाना, 01 कटर, 01 अवैध तमंचा अधिया 12 बोर मय एक मिस कारतूस 12 बोर एवं 01 जिंदा कारतूस 12 बोर एवं जामा तलाशी से 20,850 रूपये एवं एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी तथा अभियुक्तगण नरेन्द्र चौहान व अमन कटियार उपरोक्त का नाम प्रकाश में लाया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण-

1. नरेन्द्र चौहान पुत्र ओमप्रकाश चौहान निवासी विजयनगर थाना गजनेर जनपद का0दे0 उम्र करीब 27 वर्ष,
2. अमन कटियार पुत्र रवीन्द्र कटियार निवासी रानीपुर हरिहरपुर थाना सिकन्दरा का0दे0 उम्र करीब 20 वर्ष,

अभियुक्त नरेन्द्र चौहान उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 159/2023 धारा 379/411 भादंवि थाना रनियां जनपद कानपुर देहात,
मु0अ0सं0 251/2025 धारा 109(1), 190, 191(2) बीएनएस थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात,
मु0अ0सं0 250/2025 धारा 305(a), 317(2), 317(4) बीएनएस थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात,
मु0अ0सं0 76/2026 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त अमन कटियार उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 76/2026 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

पूछताछ- नरेन्द्र चौहान उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि दिनांक 09.03.2026 को मैंने अपने साथी अमन कटियार, शिवम यादव पुत्र नरपति यादव एवं अमित कुशवाहा पुत्र अज्ञात के साथ मिलकर ग्राम इंजुआरामपुर रेलवे अण्डरपास के पास स्थित मोबाइल टावर से उसमें लगी 144 बैट्रियों को रिंच पाना की मदद से खोलकर चोरी की तथा पिकअप नम्बर यू0पी0 77 एटी 0029 में लादकर हम लोग ले गये थे। चोरी की गयी बैट्रियों को शिवम और अमित ने ग्रोथ सेन्टर एरिया के आसपास नबीपुर फैक्ट्री एरिया में किसी रजनीश कटियार नामक आदमी की मदद से किसी अज्ञात फैक्ट्री वाले को बेचा था। आज जो आपने मुझसे 10800 रूपये बरामद किये हैं वह बैटरी बेचकर मिले रुपयों में से बचे हुए हैं। तंमचा व कारतूस मुझे शिवम ने खरीदकर दिया था, इस तमंचे का इस्तेमाल हम लोग चोरी के दौरान पकड़े जाने से बचने के लिए करते हैं। वहीं अमन कटियार उपरोक्त ने बताया कि मैं पिकअप नम्बर यू0पी0 77 एटी 0029 का ड्राइवर हूँ, यह पिकअप शमीम पुत्र सलीम निवासी हरिहरपुर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात का है। दिनांक 09.03.2026 को नरेन्द्र चौहान उपरोक्त, शिवम यादव पुत्र नरपति यादव एवं अमित कुशवाहा पुत्र अज्ञात ने मुझे फोन कर कानपुर नगर में बर्रा क्षेत्र के आसपास यह कहकर बुलाया कि हम लोग मोबाइल टावर में काम करते हैं। हमें एक मोबाइल टावर से कुछ बैट्री तार और लोहे का कुछ सामान लाना है जिसके लिए तुम्हें अतिरिक्त 15,000 रूपये दिये जायेंगे। मैं अतिरिक्त पैसे मिलने के लालच में आकर इनकी बातो में आकर इनके साथ चला गया था, आज हम चारों फिर से चोरी करने के इरादे से आये थे और इसी कारण मैं यह पिकअप चलाकर लाया था, हम चारों चोरी करने का सही ठिकाना ढूंढ रहे थे कि आपने पकड़ लिया।

गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री अनूप पाण्डेय

2. का0 902 राहुल

3.का0 693 सुमित